1203. 1905 में जयपुर में वर्धमान पाठशाला की स्थापना किसने की थी?

(a) मेजर शैतान सिंह
(b) गुलाब चंद्र कासलीवाल
(c) मास्टर भोलेनाथ
(d) अर्जुनलाल सेठी

LDC Exam 09:09:2018
मोटर वाहन उप-निरीक्षक -2021 (Paper-I)

Ans. (d) 1905 में जयपुर में वर्धमान पाठशाला की स्थापना अर्जुन लाल सेठी ने की थी। उन्होंने क्रांति और स्वतंत्रता का पाठ पढ़ाने के लिए जयपुर में भारत के पहले राष्ट्रीय विद्यापीठ की स्थापना की। उन्होंने हिन्दू-मुस्लिम एकता के लिए भी बहुत प्रयास किया।

1204. निम्न में से कौन सा 'डिग्री-कॉलेज' राजस्थान में सबसे पुराना है?

(a) जसवंत कॉलेज, जोधपुर
(b) गवर्नमेंट कॉलेज, अजमेर
(c) महाराजा कॉलेज, जयपुर
(d) कनोरिया कॉलेज, जयपुर

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2022

Ans. (c) : महाराजा कॉलेज, जयपुर, राजस्थान का सबसे पुराना डिग्री कॉलेज है। इसकी स्थापना 1844 ई. में की गयी। इस कॉलेज की स्थापना सवाई रामसिंह ने द्वारा की गई

1205. निम्न में से कौन-से-स्तर हेतु राजस्थान राज्य पुस्तक बोर्ड विद्यालयी पुस्तकों के उन्नयन हेतु अनुसंधान का कार्य करती है?

(a) प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तर
(b) प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर
(c) माध्यमिक स्तर
(d) उच्च माध्यमिक स्तर

Pradhyapak School Siksha 2011

Ans. (a) : प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तर हेतु राजस्थान राज्य पुस्तक बोर्ड विद्यालयी पुस्तकों के उन्नयन हेतु अनुसंधान का कार्य करती है। यह एक स्वायत्तशासी संस्था है। राजस्थान राज्य पुस्तक बोर्ड का मुख्यालय जयपुर में अवस्थित है।

1206. 2011 में राजस्थान की साक्षरता है–

(a) 67.06% (b) 67.6%
(c) 68.7% (d) 63.8%

Pradhyapak School Siksha 2011

Ans. (*) : 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की साक्षरता दर 66.11% (पुरुष-79.19 तथा महिला-52.1) है। 2011 में राजस्थान का जनसंख्या घनत्व 200 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. था

1207. राजस्थान प्रारंभिक शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विद्यालय प्रबंधन समिति के संदर्भ में कौन सा कथन सही नहीं है?

(a) विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों को मतदान का समान अधिकार है।
(b) किसी मुद्दे के समर्थन एवं विरोध में समान वोट होने पर बैठक के अध्यक्ष का मत निर्णायक होगा।
(c) यह विद्यालय के विभिन्न क्रियाकलापों को मॉनीटर करता है।
(d) विद्यालय प्रबंधन समिति को विद्यालय में विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के नामांकन एवं सुविधाओं को मॉनीटर करने की आवश्यकता नहीं है।

प्राध्यापक (Gen. Awareness & Gen. Studies)-2018

Ans. (d) : निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा-21 एवं राज्य नियम 2011 के नियम 3 एवं 4 के अनुसार विद्यालय में समुदाय की सहभागिता एवं स्वामित्व बढ़ाने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति के दो भाग होते हैं।
(i) साधारण सभा एवं
(ii) कार्यकारिणी समिति
विद्यालय प्रबंधन समिति को विद्यालय में विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के नामांकन एवं सुविधाओं को मॉनीटर करने की आवश्यकता होती है–

1208. निम्नांकित में से किस वर्ष से सैनिक स्कूल झुंझुनूं ने कार्य करना आरंभ कर दिया?

(a) 2016 (b) 2017
(c) 2018 (d) 2015

प्राध्यापक (Gen. Awareness & Gen. Studies)-2018

Ans. (c) : सैनिक स्कूल झुंझुनूं की स्थापना दिसम्बर 2012 में की गई यह स्कूल केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से सम्बन्ध है। इस स्कूल वर्ष 2018 में कार्य करना आरम्भ किया था। राजस्थान का दूसरा सैनिक स्कूल है, पहला सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में स्थापित है।

1209. निम्नांकित में से कौन सा जिला सी.टी.ई. (अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय) उदयपुर को आवंटित नहीं है?

(a) उदयपुर (b) कोटा
(c) पाली (d) भरतपुर

प्राध्यापक (Gen. Awareness & Gen. Studies)-2018

Ans. (d) : भरतपुर जिला सी.टी.ई. (अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय) उदयपुर को आवंटित नहीं है। यह महाविद्यालय केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के तहत शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने हेतु प्रारंभ किया गया।

1210. निम्नांकित में से कौन सा विभाग SIERT, उदयपुर में नहीं है?

(a) अध्यापक शिक्षा विभाग
(b) विज्ञान एवं गणित विभाग
(c) पाठ्यक्रम एवं मूल्यांकन विभाग
(d) स्त्री अध्ययन विभाग

प्राध्यापक (Gen. Awareness & Gen. Studies)-2018

Ans. (d) : राजस्थान सरकार द्वारा गठित मेहरोत्रा समिति की सिफारिश पर राज्य शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान, राजस्थान (SIERT) की स्थापना उदयपुर में 1978 ई. में की गई थी। इसके अन्तर्गत अध्यापक शिक्षा विभाग, विज्ञान एवं गणित विभाग और पाठ्यक्रम एवं मूल्यांकन विभाग है। स्त्री अध्ययन विभाग उदयपुर में नहीं है।